Download FREE Study Package from www.TekoClasses.com & Learn on Video
www.MathsBySuhag.com Phone : 0 903 903 7779, 98930 58881

उपसहसंयोजक यौगिक

If I have to live may life again, I would always remain in my laboratory for the greatest joy of my life to accomplish orginal scientific work.
J.B. Andre Dumas

प्रास्तावना

(a) उपसहसंयोजी यौगिक की संकल्पना संक्रमण तत्वों के संकुल निर्माण की प्रवृति से प्राप्त हुई ।

(b) ये यौगिक हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भुमिका निभाते है। जैसे कि पौधों का क्लोरोफिल तथा जानवर रक्त का हीमोग्लोबीन क्रमशः Mg व Fe के उपसहसंयोजी यौगिक है।

(c) विश्लेषक रसायन, बहुलकीकरण अभिक्रिया, धातुकर्म तथा धातु का शोधन, फोटोग्राफी जल शुद्धदीकरण इत्यादि में उसहसेयोजक यौगिक मुख्य भूमिका निभाते है।

उपसहसंयोजक यौगिक :

सामान्यतः वे यौगिक जिनमें धातु परमाणु या आयन उदासीन अणुओं/आयनों के समू से उपसहसंयोजी बन्धों से जुड़े रहते है। उपसहसंयोजी यौकि कहलो है। उपसहसंयोजी उदाहरण क लिए : $[Cu(NH_3)_4]SO_4$

उपसहसंयोजी गोलक (समन्वय गोलेक):

धातु व इससे जुड़े हुए संलग्नीयों (लिगेण्डो) के पुंज (aggregate) को उपसहसंयोजी गोलक (या समन्वय गोलक) कहते है। समन्वय गोलक को वर्ग कोष्ठक के अंदर रखा जाता है। यह विलयन में विलयन में एक इकाई के रूप में रहता है। इस संकुल में धातु, लुईस अम्ल की तरह तथा लिगेण्ड लुईस क्षार की तरह कार्य करते है। उदाहरण के लिए

K_4	$[Fe(CN)_6]$
आयनिक गोलक	समन्वय गोलक

समन्वय संख्या :

संलग्नीयों (लिगेण्डों) से केन्द्रीय परमाणु या आयन को दिये गये इलेक्ट्रॉनों के एकांकी युग्मों की संख्या को समन्वय संख्या कहते है। (यह जुड़े हुए लिगेण्डों की संख्या से भिन्न हो सकती है।)

उदाहरण के लिए –

$[Cu(NH_3)_4]^{+2}$ में, Cu की समन्वय संख्या 4 है।

$[Co(en_3)]^{3+}$ में, कोबाल्ट की समन्वय संख्या 6 है। तथा (en) द्विदन्तुक लिगैंड है।

संलग्नी (लिगैण्ड) :

(i) उदासीन अणु ऋणायन अथवा धनायन जो संकुल आयन में केन्द्रीय परमाणु के साथ सीधे जु है। संलग्नी कहलाते है।

(ii) संलग्नी केन्द्रीय धातु आयन अथवा परमाणु से, उपसहसंयोजी बन्ध अथवा डेटिव बन्ध द्वारा जुड़े हुए होते है।

कुछ प्रमुख्य बहुदन्तुक अभिकर्मक

नाम	संक्षिप्त रूप	संरचना

Download FREE Study Package from www.TekoClasses.com & Learn on Video
www.MathsBySuhag.com Phone : 0 903 903 7779, 98930 58881

एथीलीनडाइएमीन	en (द्वि–दन्तुक)	
2, 2– बाइपिरीडील	bipy	
1, 10–फिनेथ्रोलीन	phen (द्वि–दन्तुक)	
एसीटाइलएसीटेनेटो	acac (द्वि–दन्तुक)	
ऑक्सेलेट	ox (द्वि–दन्तुक)	$^-OOC-COO^-$
ग्लाइसीनेट	gly (द्वि–दन्तुक)	
डाइमेथिलग्लाइआक्सीमेट	dmg	
डाइएथीलीनट्राइएमीन	dien	
ट्राइएथीलीनटेट्राएमीन	trien	
एथीलीनडाइएमीनटेट्राएसीटेट	E.D.T.A (षट्दन्तुक)	

दन्तुकता (Denticity)

लिगेंड (संलग्न) के उन दाता परमाणुओं की संख्या जिसके द्वारा वह केन्द्रीय परमाणु या आयन से जुड़ा रहता है, दन्तुक कहलाती है।

लिगेंड के प्रकार	परिभाषा	उदाहरण
एकल दन्तुक	ऐसी लिगेंड जिनमें केवल एक दाता परमाणु उपस्थित होता है।	H_2O, NH_3, CO, Cl^-, CN^-, ONO^-
बहु दन्तुक	ऐसी लिगेंड जिनमें दो या दो से अधिक दाता परमाणु उपस्थित होते है।	ऑक्सेलेट $(C_2I_4^{2-})$, बाइफेनिल
उभयदन्तुक (एम्बीडेन्टेट)	ऐसी लिगेंड जिनमें दो भिन्न दाता परमाणु होते है तथा दोनों परमाणुओं में से किसी एक के द्वारा परमाणु या आयन से जुड़े होते है।	NO_2^-, OCN^-
सेतु लिगेंड	ऐसी लिगेंड जो एक से अधिक धातु परमाणुओं के मध्य सेतु की तरह कार्य करती है। (नामकरण में इसको μ द्वारा इंगित किया जाता है)	OH^-, NH_2^-

उपसहसंयोजी यौगिकों का नाम लिखना :

1. धनायन का नाम ऋणायन से पहले लिखा जाता है।
2. उप सह–संयोजक भाग के नामकरण में संलग्नीयों (लिगेंडो) का नाम अंग्रेजी वर्णमाला के क्रमानुसार पहले दिये जाते है ना कि उन पर उपस्थित आवेश के आधार पर तथा बाद में धातु का नाम लिखा जाता है।

(a) ऋणात्मक लिगेण्ड के नाम – ओ पर समाप्त होते है।

F^-	फ्लोरो	Br^-	ब्रोमो	Cl^-	क्लोरो	SCN^-	थायोसायनेटो-S
I^-	आयोडो	N_3^-	एजाइडों	OH^-	हाइड्रोक्सो	NCS^-	थायोसायनेटो-N

Download FREE Study Package from www.TekoClasses.com & Learn on Video
www.MathsBySuhag.com Phone : 0 903 903 7779, 98930 58881

H^-	हाइड्राइडो	HS^-	मरकेप्टो	$C_2O_4^{-2}$	ऑक्सेलेटो	O_2^-	सुपरऑक्सो
O^{2-}	ऑक्सो	CN^-	सायनो	S^{2-}	थॉयो		
O_2^{2-}	परऑक्सो	NO_2^-	नाइट्रो	N^{3-}	नाइट्राइडो		

(b) उदासीन समूह (विशेष अन्त नहीं)

NH_3	एम्मीन	H_2O	एक्वा
CO	कार्बोनील	NO	नाइट्रोसील
en	एथीलीनडाईएम्मीन	C_5H_5N	पिरीडीन

(c) धनात्मक लिगेण्ड के नाम – इयम पर समाप्त होते है।

$NH_2NH_3^+$ हाइड्रेजीनियम, NO^+ नाइट्रोसोनियम (या नाइट्रोसिलियम) NO_2^+ नाइट्रोनियम

3. यदि साधारण संलग्नी (लिगेंड) एक से अधिक बार उपस्थिज्ञत है उनकी संख्या उपसार्गों डाई, ट्राई, पेन्टा, हेक्सा आदि द्वारा इंगित की जाती है।
उदाहरण के लिए : $[OSCl_2(SO_4)(NH_3)_3]$ ट्राईएम्मीनडाईक्लोरोसल्फेटोआसमीयम (IV)
दूसरी ओर अन्य संलग्नीयों (लिगेंडो) की संख्या जिनके नामों में पहले से ही उपसर्ग जैसे डाई पिरीडाईल या एथीलीन डाई एम्मीन है तो उपसोर्गों डाई, ट्राई, टेट्रा के स्थान पर बिस, ट्रिस, टेट्राकिस आदि द्वारा इंगित किया जाता है तथा इन संलग्नीयों (लिगेंडो) के नाम कोष्ठक में लिखे जाते है। इन उपसर्गों को कोष्ठक से पहले दर्शाया जाता है।
उदाहरण के लिए : $[TiCl_4(C_2H_5OC_2H_5)_5)_2]$ टेट्राक्लोरोबीस (डाईएथीलईथर) टाइटेनियम (IV).

4. धातु की आक्सीकरण अवस्था को रोमन संख्याओं में कोष्ठक के अन्दर धातु के नाम से तुरन्त बाद में रखकर दर्शाई जाती है, तथा इनके मध्य कोई रिक्त स्थान नहीं रखते है।

5. धनायन संकुल तथा उदासीन अणुओं के अनत में कुछ विशेष प्रयुक्त नहीं होता है। किन्तु ऋणायन संकुल के अन्त में ऐट आता है। उदाहरण के लिए : $[Zn(NCS)_4)^{2+}$ टेट्राथायोसायनेटो-N-जिंक (II)
$[Cd(SCN)_4]^{2+}$ टेट्राथायोसायनेटो-S-केडिमियम (II)

उप सह–संयोजी यौगिको का सूत्र लिखना :

1. प्रथम धनायन को लिखते है। तथा बाद में ऋणायान को लिखते है।। यह आवश्यक नहीं है कि यौगिक ऋणायन या धनायन युक्त हो। यह उदासनी भी हो सकता है।
उदाहरण के लिए : $Na_2[PdCl_6]$, $[Cr(H_2O)_6]Cl_3$, $[Co(NH_3)_4(NO_2)_2][BF_4]$,$Fe(CO)_5$

2. उपसहसंयोजी गोलक को एक बन्द वर्ग कोष्ठक में रखा जाता है।

3. सहसंयोजक गोलक में सर्वप्रथम धातु का प्रतीक (symbol) लिखते है तथा बाद में संलग्नी को निम्नलिखित क्रम में व्यवस्थित करते है, ऋणात्मक संलग्नी, उदासीन संलग्नी, धनात्मक संलग्नी। यदि एक से ज्यादा एक ही प्रकार की संलग्नी हो तब उन्हे। वर्णमाला के अनुसार उनके सूत्र में प्रथम प्रतीक से लिखते है।

4. यदि आवश्यक हो तो कोष्ठक को इस प्रकार लगाया जाता है।
[{()}], [{[{}]}] इत्यादि

प्रभावी परमाण्वीय संख्या नियम (सिडग्वीक द्वारा दिया गया):

(a) इलेक्ट्रोनों की कुल संख्या जो केन्द्रीय परमाणु या आयन के पास होती है संलग्नीयो (लिगेंडो) के दाता परमाणुआं से इलेक्ट्रोनों के ग्रहण करने के बाद, प्रभावी परमाण्वीय संख्या कहलाती है।

(b) प्रभावी परमाण्वीय संख्या (E.A.N.) की निम्न सम्बन्ध के द्वारा गणना की जाती है।

E.A.N = केन्द्रीय धातु परमाणु या आयन पर इलेक्ट्रोनों की संख्या + लिगेण्डों के द्वारा दान किए गए इलेक्ट्रोनों की संख्या

Download FREE Study Package from www.TekoClasses.com & Learn on Video
www.MathsBySuhag.com Phone : 0 903 903 7779, 98930 58881

वर्नर सिद्धान्त :

उपसहसंयोजक यौगिकों, CO (III) एम्मीन तथा दूसरे यौगिक जैसे Pt(IV) एम्मीन के प्रेक्षिक गुणों की व्याख्या के लिए कोई संतोषजनक सिद्धान्त नहीं था। 1893, में वर्नर उपसहसंयोजी सिद्धान्त दिया जो कि संकुल यौगिकों के सभी प्रेक्षित गुणों की व्याख्या कर सकता है। इस सिद्धान्द के सबसे प्रमुख अभिगृहीत निम्न है।
अधिकतर तत्व दो तरह की संयोजकता प्रदर्शित करते है–
(a) प्राथमिक संयोजकता तथा (b) द्वितीयक संयोजकता

(a) प्राथमिक संयोजकता :
यह धातु आयन की संगत ऑक्सीकरण अवस्था को प्रदर्शित करता है इसे धातम की मुख्य या आयनीक संयोजकता भी कहते है। यह ऋणात्मक आयन से संतुष्ट होती है। प्राथमिक संयोजकताओं को बिन्दु रेखा (Doted line) से प्रदर्शित किया जाता है।

(b) द्वितीयक अथवा सहायक संयोजकता :
(i) यह केन्द्रीय धातु परमाणु आयन की संगत समन्वय संया (सामान्यतः CN के लिए) प्रदर्शित करता है। यह अनआयनीक या अनआयनिकृत (अर्थात् उपसहसंयोजक सयोजकता प्रकार का बंध) यह संयोजकता ऋणात्मक आयन या उदासीन अणुओं से संतुष्ट होती है। द्वितीय संयोजकताएँ सदैव केन्द्रीय धातु परमाणु या आयन से त्रिविम में निश्चित स्थितियों की ओर दिष्ट होती है। इस प्रकार छः संलग्नी त्रिविम में केन्द्रीय परमाणु से नियमित अष्टफलक के छः कोनों की तरह दिष्ट होती है। द्वितीयक संयोजकतों की मोटी रेखाओं से प्रदर्शित किया जाता है। यह अभिगृहीत उपसहसंयोजी संकुल में समावयता के विभिन्न प्रकार का होना बताते है।।
(ii) प्रत्येक तत्व की अपनी प्राथमिक तथा द्वितीयक संयोजकता को संतुष्ट करने की प्रवृति होती है। इस आवश्यकता को पूर्ण करने के लिए ऋणात्मक आयन अवसर दैत्य व्यवहार दर्शाता है। अर्थात प्रत्येक स्थिति में यह प्राथमिक तथा द्वितीयक संयोजकता को संतुष्ट कर सकता है। सभी एम्मीन कोबाल्ट संकुल में, कोबाल्ट छः की द्वितीयक संयोजकता (अर्थात समन्वय संख्या) दर्शाता है।

कीलेट प्रभावः

एक उपसहसंयोजी यौगिक जिसमें कम से कम एक बहुदन्तुक संलग्नी (लिगेंड) होता है।, तथा जो केन्द्रीय परमाणु या आयन के साथ वलय संकुल का निर्माण करता है। कीलेट कहलाता है। सामान्य संकुल की तुलना में कीलेटीकृत संकुल (Chelating complex) का अधिक स्थायित्व होना कीलेट प्रभाव कहलाता है।

उदाहरण : $Ni^{2+}(aq) + 6NH_3(aq) \rightleftharpoons [Ni(NH_3)_6\}^{2+}(aq)$ $K_{निर्माण} = 10^8$

$Ni^{2+}(aq) + 3NH_2CH_2CH_2NH(aq) \rightleftharpoons [Ni(en)_6]^{2+}(aq)$ $K_{निर्माण} = 10^8$

उपसहसंयोजक यौगिकों में बंधन (संयोजकता बंध सिद्धान्त) :

पॉलिंग ने संकुल यौगिकों के बंध समझाने के लिए संयोजकता बंध सिद्धान्त दिया उसके अनुसार प्रथम संक्रमण श्रेणी के धातु परमाण या आयन संकरण के लिए 3d या 4d, 4s, 4p कक्षकों का उपयोग करके संकरित कक्षकों का एक समूह बनाते है। यह समान ऊर्जा व आकृति वाले संकर कक्षक यौगिकों की निश्चित ज्यामिति जैसे समतल वर्गाकार, चतुष्फलकीय, अष्टफलकीय आदि की व्याख्या करते है। यह संकरित कक्षक उन संलग्नीयों (लिगेंडो) के साथ अतिव्यापन करते है जो बन्ध बनाने के लिए इलेक्ट्रॉनो के एकांकी युग्म का दान कर सकते है।

(3) यदि समन्वय संख्या (2) - sp संकरण, रेखीय
समन्वय संख्या (3) - sp^2 संकरण, त्रिभुजीय समतलीय
समन्वय संख्या (4)-(अ) sp^3 संकरण, चतुष्फलकीय
(ब) dsp^2 संकरण, समतल वर्गाकार

समन्वय संख्या (6) (अ) sp^3d^2 संकरण, अष्टफलकीय (बाह्यय d-कक्षक संकुल / उच्च चंक्रण संकुल)

(ब) d^2sp^3 संकरण, अष्टफलकीय (आन्तरिक d-कक्षक संकुल / निम्न चंक्रण संकुल)

(4) संकरण की अवस्था, संकुल की चुम्बकीय प्रवृति (अधिकतर परिस्थितियों में) की सहायता से निर्धारित की जाती है। इसलिए हमें अयुग्मित इलेक्ट्रॉन की संख्या परिकलित करने के लिए चुम्बकीय आघूर्ण $\mu\sqrt{n(n+2}$ की अतिरिक्त जानकारी आवश्यक है।

संयोजकता बंध सिद्धान्त (V.B.T.) की कमियाँ

(i) हम संकुल की ज्यामिति को उसकी प्रेक्षित (observed) चुम्बकीय प्रवृति के आधार पर निश्चित करते है।

(ii) हम सिद्धान्त लिगेंड की प्रकृति के बारे में कुछ नहीं बताता है। (कि यह दुर्बल है या प्रबल है)

(iii) यह सिद्धान्त संकुल की ऊष्मागतिकी स्थायित्व के बारे में कोई जानकारी नहीं देता है।

(iv) यह सिद्धान्त संकुल के स्पेक्ट्रल गुणधर्मों (spectral properties) के बारे में कुछ नहीं बताता है।

धातु कार्बोनिल :

धातु CO संलग्नी (लिगेंड) के साथ मिलकर जो यौगिक बनतो है, उन्है। धातु कार्बोनिल कहते है।

Download FREE Study Package from www.TekoClasses.com & Learn on Video
www.MathsBySuhag.com Phone : 0 903 903 7779, 98930 58881

यह दो प्रकार के होते है।

(a) एकलकी : वह कार्बोनिल जिसके एक अणु में केवल एक धातु परमाणु होता है। एकलकी कार्बोनि कहलाता है।

उदाहरण –

$[Ni(CO)_4]$	sp^3,चतुष्फलकीय
$[Fe(CO)_5]$	dsp^3, त्रिभुजीय द्विपिरैमिडिय
$[Cr(CO)_6]$	d^2sp^3, अष्टफलकीय
$V(CO)_6$	d^2sp^3, अष्टफलकीय (केवल कार्बोनिल जो कि अनुचुम्बकीय होता है। तथा एक अयुग्मित इलेक्ट्रान रखता है। इन चारों कार्बोनिल में इसकी स्थायित्वता सबसे कम होती है)

(b) बहुलकी : वह कार्बोनिल जिसमें प्रतिअणु दो अथवा दो से अधिक धातु परमाणु होते है तथा जिनमें धातु–धातु बन्ध होते है। बहुलकी कार्बोनिल कहलाते है।

उदाहरण : $mn_2(CO)_{10}$, $Fe_2(CO)_9$ इत्यादि।

संलग्नी (लिगेंड) क्षेत्र विपाटन :

इस सिद्धान्त के अनुसार जब एक लिगेंड धातु ायन या परमाणु की तरफ बढ़ता है तो आयन या परमाणु एक क्षेत्र बनाता है। इसके कारण धातु परमाणु या आयन के समान ऊर्जा वाले पांचों d-कक्षक दो भिन्न ऊर्जा स्तरों में विभाजित हो जाते है। d-कक्षकों का विभिन्न ऊर्जा स्तरों में विपाटन का परास (extent) लिगेंडों की संख्या व उनकी प्रकृति पर निर्भर करता है। विपाटन का परास (extent) संकुल की चुम्बकीय तथा स्पेक्ट्रल गुणों को ज्ञात करता है।

(a) क्रिस्टल क्षेत्र सिद्धान्त समन्वय संख्या 6 के लिए (अष्टफलकीय संकुल):



Δ_0 [अष्टफलकीय संकुल के लिए क्रिस्टल विपाटन क्षेत्र]

क्रिस्टल क्षेत्र ावपाटन ऊजा (CFSE) का गणना :

सूत्र : C.F.S.E. = $[- 0.4\ (n)\ t_{2g} + 0.6\ (n')\ e_g]\ \Delta_0$

जहाँ n तथा n' क्रमशः t_{2g} तथा e_g कक्षकों में इलेक्ट्रॉन की संख्या है।

(b) क्रिस्टल क्षेत्र सिद्धान्त समन्वय संख्या 4 के लिए (चतुष्फलकीय संकुल):



$$\Delta_t \cong \frac{4}{9}\Delta_0$$

क्रिस्टल क्षेत्र विपाटन ऊर्जा (CFSE) की गणना :

सूत्र : CFSE = $[-0.6\ n(e_g) + 0.4\ (n')\ (t_{2g})]\ \Delta_t$

जहाँ n तथा n' क्रमशः e_g तथा t_{2g} कक्षकों में इलेक्ट्रॉन की संख्या है।

Δ_t = चतुष्फलकीय संकुल के लिए क्रिस्टल क्षेत्र विपाटन ऊर्जा

लिगेंड की स्पेक्ट्रोरसायन श्रेणी : लिगेंड के बढ़ते हुए सामर्थ्य में

$I^- < Br^- < S^{-2} < SCN^- < Cl^- < NO_3- < N_3- < F^- < OH^- < C_2O_4^{-2} < NCS^- < CH_3CN < Py$

दुर्बलतम (weakest)

$< NH_3$ M en $< NO_2 - < PPh_3 < CN - < CO$

प्रबलतम (stongest)

समावयवता :

समावयवी एक ही प्रकार केप परमाणुओं से बने होते है। लेकिन लेकिन इनकी संयोजन दक्षता विभिन्न होती है। इसलिए वे विभिन्न क्रमों में एक–दूसरे के साथ जुड़े रहते है।
सरंचनात्मक समावयवी में, परमाणु की स्थिति यौगिक के विभिन्न भागों में विभिन्न होती है।
त्रिविम समावयवियों में, ये इस प्रकार विभिन्न होते है कि संकुल के केन्द्रीय परमाणु के चारों ओर त्रिविम में लिगेंडों की स्थिति विभिन्न होती है।

संरचनात्मक समावयतवा :

ये चार प्रकार के होती है।

(i) **आयनिक समावयवी :** इस प्रकार समावयता में संकुल के संलग्नी (लिगेंड) का उपसहसयोंजी गोलक के बाहर स्थित ऋणायन के साथ अदान–प्रदान होता है।

उदाहरण के लिए $[Co[NH_3\}_5Cl]SO_4$ तथा $[Co(NH_3)_5SO_4]Cl$

(ii) **हाइड्रेट समावयता :** इस प्रकार की समावयता जब उत्पन्न होती है जब जल अणुओं की विभिन्न संख्या उपसहसंयोजक गोलक के अंदर तथा बाहर भिन्न–भिन्न होती है।

उदाहरण के लिए $[Cr(H_2O)_6]Cl_3$ तथा $[Cr(H_2O)Cl]Cl_2 . H_2O$

(iii) **लिंकेज समावयता :** कुल संलग्नी (उभयदन्तुक) में दो संभव उपसहसंयोजी स्थान होते है। इस प्रकार की स्थिति में लिंकेज समावयता होती है। उदाहरण के लिए NO_2 समूह धातु आयन से बंध बना सकता है। या तो नाइट्रोजन (-NO_2) या ऑक्सीजन (-ONO) से। इसी प्रकार SCN समूह धातु आयन से बंध बना सकता है या तो सल्फर से थायोसायनेट (-SCN) या नाइट्रोजन से आइसोथायोसायनेट (-NCS) ।

उदाहरण के लिए, $[Co(NH_3)_6]$ $[Cr(CN_6)$ तथा $[Cr(NH_3)_6][Co(CN)_6]$

त्रिविम समावयता :

(i) **ज्यामितिय समावयवता :** यह तब होती है जब परमाणु या आयन का आदान–प्रदान उपसंयोजी गोलक के अंदर, संकुल की अपनी जयामिति में परिवर्तन करते है। यम समतल वर्गाकार और अष्टफलकीय संकुलों में संभव होती है।

उदाहरण के लिए $[Pt(NH_3)_2Cl_2]$, समपक्ष व विपक्ष रूपों में पाया जाता है।

(ii) **प्रकाशिक समावयवता:** वे संकुल यौगिक जो एक–दूसरी के दर्पण प्रतिबिम्ब होते है। तथा एक–दूसरे पर अध्यारोपित नहीं होते प्रकाशिक समावयवी कहलाते है। संकुल जिनकी समन्वयी संख्या 6 है। तथा द्विदन्तु है इस प्रकार की समावयवता के उदाहरण है।

उदाहरण के लिए $[Co(en)_3)^{3+}$

उपसहसंयोजी यौगिक का स्थायित्व (विलयन में) :

धातु आयन : M^{n+}

लिगेंड : L^{x-}

$M^{n+} + yL^{+-} \rightarrow [MLy]^{b+}$

जहाँ $(n^+) + y (x-) = (b^+)$

Download FREE Study Package from www.TekoClasses.com & Learn on Video
www.MathsBySuhag.com Phone : 0 903 903 7779, 98930 58881

उपरोक्त अभिक्रिया लुईस अम्ल–क्षार अभिक्रिया के रूप में देखी जाती है। स्थायित्व नियतांक K को निम्न प्रकार परिभाषित करते है

$$K = \frac{[MLY]^{b+}}{[M^{n+}][L^{x-}]^y}$$

(a) संकुल का स्थायित्व जितना अधिक होता है।, K का मान उतना ही अधिक होता है।

उदाहरण के लिए, K का मान $[Cu(CN)_4]^{2-} = 2 \times 10^{27}$ .....(i)

$[Co(NH_3)_5^{3+} = 5 \times 10^{33}$ .....(ii)

इसलिए (ii), (i) से अधिक स्थायी है

(b) इस प्रकार धनायन, स्थायी संकुल बनाता है (अधिक आवेश घनत्व है।)

(c) उच्च ऑक्सीकरण अवस्था में एक धातु आयन, निम्न ऑक्सीकरण अवस्था में आयन की अपेक्षा आकार में छोटा होता है। अतः यह प्रबल संकुल बनाता है।

उदाहरणः Co^{3+} , Co^{2+} की अपेक्षा प्रबल संकुल बनाते है।

(d) द्विसंयोजी धनायनों की संकुल निर्माण की प्रवृति (इरविंग–विलियमस क्रम)

$Mn^{II} < Fe^{II} < CO^{II} < Ni^{II}Cu^{II} > Zn^{II}$

(e) लिगेंड के दाता परमाणु पर इलेक्ट्रॉन घनत्व जितना अधिक होगा, इसके द्वारा बनाया गया संकुल उतना ही प्रबल होगा। दुर्बल लिगेंड : H_2O, NH_3

प्रबल लिगेंड : NO_2, CN^-

F^-, Cl^-, Br^-, I^- में से F^- छोटे आकार का होता है ओर इस प्रकार इस पर उच्च आवेश घनत्व होने के कारण प्रबलतम संकुल बनाता है।

कार्बधात्वि यौगिक तथा उनके अनुप्रयोग :

(a) इन यौगिकों तीन भागों वर्गीकृत किया जा सकता है।

(i) सिग्मा (σ) बंधित संकुल :

इन संकुलों में धातु परमाणु तथा लिगेंड के कार्बन के परमाणु आपस में s बंन्ध से जुड़े रहते है। s बन्ध निर्माण में संलग्नी (लिगेंड) एक इलेक्ट्रॉन का योगदान करता है इसलिए यह एक इलेक्ट्रॉन दाता कहलाते है।

उदाहरण :

(a) ग्रीन्यार अभिकर्मक ; R - Mg - X जहाँ R एक एल्किल या एरिल समूह है तथा X हैलोजन है।

(b) $(CH_3)_4$ Sn, $(C_2H_5)_4$ Pb, $Al_2 (CH_3)_6$, $Al_2(C_2H_5)_6$ इत्यादि।



इसमें तीन केन्द्र दो इलेक्ट्रॉन बन्ध है।

(ii) पाई (π) – बंधित कार्बधात्विक यौगिक :

यह वह यौगिक होते है जिसमें धातु एल्कीन एल्काइन, बेंजीन तथा अन्य वलय यौगिकों के साथ होती है।

उदाहरण : जिसेस् लवण (zeise's salt) $K[PtCl_3(\eta^2 - C_2H_4]$





फेरोसीन $Fe\,(\eta^5 - C_5H_5)_2$

डाइबेंजीनक्रोमियम $Cr(\eta^6 - C_6H_6)_2$



(iii) σ तथा π बंधित कार्बधात्विक यौगिक :

उदाहरण : धातु कार्बोनिल

(b) कार्बधात्विक यौगिक के कुछ अनुप्रयोग इस प्रकार है –

- टेट्र एथिल लेड (TEL), गैसोलीन में अपस्फोटनरोधी के रूप में प्रयुक्त करते है।
- विल्किन्सन् उत्प्रेरक $[Rh(PPh_3)_3Cl]$ एल्कीन के हाइड्रोजनीकरण में समांगी उत्प्रेरक के रूप में प्रयुक्त होता है।
- निकल का शुद्धीकरण तथा निष्कर्षण कार्बधातिव यौगिक $Ni(CO)_4$ के निर्माण पर आधारित है।

  $50\text{-}80^8$ पर $Ni(CO)_4$ का निर्माण तथा $150\text{-}180^0$ C पर इसका वियोजन मोन्ड प्रक्रम में निकल के निष्कर्षण में काम आता है।
- जिगलर नाटा उत्प्रेरक (ट्राइएल्किलएल्युमिनियम + टाइटेनियम टेट्राक्लोराइड) पॉलिएथिलीन बहुलक में एथिलीन के बहुलीकरण में विषमांगी उत्प्रेरक के रूप में काम आता है।

Exercise # 1

PART - I : SUBJECTIVE QUESTIONS

भाग (A) : संकुल लवणों का सामान्य परिचियन तथा उपयोग परिभाषए :–

1. निम्न में से प्रत्येक संकुल (जटिल) के लिए सूत्र क्या होगा।
(a) एक कोबाल्ट (III) आयन, चार अमोनिया अणुओं तथा दो क्लोराईड आयनों के साथ एक संकुल का निर्माण करता है। संकुल का सूत्र क्या है ?
(b) तीन अमोनिया तथा तीन क्लोराईड लिगेंडों के साथ एक इरिडियम (III) संकुल है।
(c) दो जल या दो ऑक्सेलेट लिगेंडों के साथ्ज्ञ एक क्रोमोयम (III) का संकुल है।
(d) दो एथ्विलीनडाई एमीन तथा दो थायोसायनेट लिगेंडों के साथ एक प्लेटिनम (IV) संकुल है।

2. निम्न संकुलों में प्रत्येक में धातु की समन्वय संख्या तथा ऑक्सीकरण अवस्था क्या है ?

Download FREE Study Package from www.TekoClasses.com & Learn on Video
www.MathsBySuhag.com Phone : 0 903 903 7779, 98930 58881

(a) $[AgCl_2]^-$; (b) $\{Cr(H_2O)_5Cl]^{2+}$; (c) $[Co(NCS)_4]^{2-}$
(d) $[ZrF_8]^{4-}$; (e) $[Co(NH_3)_3(NO_2)_3]$ ‘ (f) $[Fe(EDTA)(H_2O)]^-$
(g) $Na_2[Mn(EDTA)]$; (h) $[Cu(en)_2]SO_4$; (i) $K[Pt(NH_3)Cl_3]$
(i) $K_3[Cr(C_2O_4)_2Cl_2]$

3. (a) आयरन ऑक्सेलेट संकुल $[Fe(C_2O_4)_3]^{3-}$ की संरचना बनाइये। उपसहसंयोजी ज्यामिति का वर्णन कीजिए तथा विभिन्न किलेट वलय की पहचान कीजिए। आयन की समन्वय संख्या तथा ऑक्सीकरण संख्या बताइये।

(b) प्लेटिनम एथीलीन डाईएमीन संकुल $[Pt(en)_2]^{2+}$ की संरचना बनाइये (दिया गया है कि यह यौगिक ज्यामितिय तथा प्रकाशीय समावयवता प्रदर्शित नहीं करता है कार्बनिक रासायनिक की पहले की जानकारियों को प्रयुक्त कीजिए।) उपसहसंयोजी ज्यामिति का वर्णन कीजिए तथा किसी किलेट वलय को पहचानिये। प्लेटिनम की समन्वय संख्या तथा ऑक्सीकरण संख्या क्या है।

(c) निम्न संकुलों के लुईस अम्ल तथा लुईस क्षार अवयवों को पहचानिए :
(i) $[HgBr_4]^{2-}$ (ii) $[Ni(H_2O)_6]^{2+}$ (iii) $[PdCl_2(NH_3)_2]$
(iv) $[Al(OH)_4]^-$ (v) $[Ag(CN_2]^-$

4. निम्न को समेलित कीजिए।

स्तम्भ –I	स्तम्भ –II
(a) en	(i) 
(b) pn	(ii) 
(c) bipy	(iii) 
(d) acac	(iv) 
(e) ox	(v)

Download FREE Study Package from s.com & Learn on Video
www.MathsBySuhag.com Phone : 8930 58881

(f) gly (vi) 

(g) EDTA (vii) 

(h) phen (viii) 

(i) terpy (ix) 

(j) dien (x)

(k) dmg (xi) 

(l) trien (xii) 

भाग (B) : उपसहसंयोजी यौगिकों का नामकरण :

5. निम्न यौगिकों के नाम बताइये।

(a) **$[CO(NH_3)_6]Cl_3$,** 1798 में B.M. टेसर्ट द्वारा बनाया गया, तथा इसे प्रथम संश्लेषित संकुल लवण माना गया है।

(b) **$[Rh(NH_3)_5I]I_2$,** जो $[Rh(NH_3)_5(H_2O)]I_3$ को 100^0C से अधिक गर्म करने पर पीले रंग का संकुल प्राप्त होता है।

(c) **$[Fe(CO)_5]$,** एक उच्च विषैला वाष्पशील द्रव

(d) **$[Fe(C_2O_4)_3]^{3-}$** जब लोहे की जंग Fe_2O_3 को ऑक्सीलीक अम्ल $H_2C_2O_4$ में घोला जाता है तब यह आयन बनता है।

(e) **$[Cu(NH_3)_4]SO_4$,** जब $CuSO_4$ की अभिक्रिया NH_3 के आधिक्य के साथ करायी जाती है गहरा नीला यौगिक प्राप्त होता है।

(f) **$Na[Cr(OH)_4]$,** जब $Cr(OH)_3$ अवक्षेप को NaOH के आधिक्य में घोला जाता है तो यह यौगिक प्राप्त होता है।

(g) **$Co(gly)_3$,** यौगिक जो एमीनो अम्ल ग्लाइसीन के ऋणायन युक्त होता है।

(h) **$[Fe(H_2O)_5(SCN)]^{2+}$, Fe^{3+}** आयन के गुणात्मक विश्लेषण परीक्षण में लाल संकुल आयन बनता है।

(i) **$K_2[HgI_4]$,** इस संकुल का क्षारीय विलयन नेसलर अभिकर्मक कहलाता है।

(j) **$Co[Hg(SCN)_4]$,** Hg^{2+} के गुणात्मक विश्लेषण में गहरा नीला क्रिस्टलीय अवक्षेप प्राप्त होता है।

(k) **$Fe_4[Fe(CN)_6]_3$,** Fe^{2+} के विश्लेषण में यह गहरे नीले रंग का संकुल प्रुशियन ब्ल्यू प्राप्त होता है।

(l) **$K_3[Co(NO_2)_6]$,** Co^{2+} के विश्लेषण में पोटेशियम कोबाल्टनाइट्राईट या फिशर लवण पीला अवक्षेप प्राप्त होता है।

(m) **$[Ni(dmg)_2]$,** Ni^{2+} आयन के विश्लेषण में गुलाबी लाल अवक्षेप प्राप्त होता है।

(n) **$Na_2[Fe(CN)_5NO^+]$,** सल्फाइड आयन/सल्फर के विश्लेषण के लिए सोडियम नाइट्रोप्रुसाइड को प्रयुक्त किया जाता है।

(o) **$[Fe(H_2O)_5(NO^+)]SO_4$,** Fe^{2+} आयन के विश्लेषण में यह भूरी वलय संकुल प्राप्त होता है।

(p) **$Fe[Fe(CN)_6]_2$,** टर्नबुल्स ब्ल्यू, जिसका संघटन प्रुशियन ब्ल्यू के समान पाया जाता है।

(q) **$[Cu(CN)_4]^{3-}$,** KCN विलयन को आधिक्य में मिलाने पर Cu^{2+} के विश्लेषण में यह रंगहीन अवक्षेप प्राप्त होता है।

(r) **$(NH_4)_2[PtCl_6]$,** अमोनियम आयनों के कुछ ही यौगिकों के अवक्षेप प्राप्त होते है। जिनमे से यह एक पीला वक्षेप है।

6. **निम्न यौगिकों का नाम बताइये।**

(a) $[CoBr(en)_2(ON)]^{+1}$ (b) $[cO(nh_3)_6][cO(on)_6]$

(c) $[Co(NH_3)_5(CO_3)]Cl$
(d) $[Pt(NH_3)_4Cl_2]PtCl_4]$
(e) $[Coo(en)_3)_2(SO_4))_3$
(f) $[(NH_3)_5Co\text{-}NH_2\text{-}Co(NH_3)_4(H_2O)]Cl_5$
(g) $[Cr(CO)_5(PPh_3)]$
(h) $K[PtCl_3(\eta^2\text{-}C_2H_4)]$
(i) $Cr(\eta^6\text{-}C_6H_6)_2$
(j) $[Co(NH_3)_4(OH_2)_2[BF_4]_3$
(k) $K[(NH_3)_5Co\text{-}NH\text{-}Co(CN)_5]$
(l) $Na_4[Cu_6(S_2O_3)_5]$
(m) $Ba[Zr(OH)_2(ONO)_2(ox)]$

(n) 

(o) 

7. निम्न यौगिकों के सूत्र लिखिए।

(a) टेट्रएम्मीनजिंक (II) नाइट्रेट	जब जिंक नाइट्रेट को अमोनिया के आधिक्य के साथ उपचारित करते है तब ये यौगिक बनता है।
(b) टेट्राकोर्बोनाइलनिकल **(o)**	पहला धातु कार्बोनिल (1988 में संश्लेषित) और ये निकल धातु के औधौगिक शुद्धिकरण के महत्वपूर्ण यौगिक है।
(c) पोटेशियम एम्मीनट्राईक्लोरोईडोप्लेटिनेट**(II)**	एक यौकि जो वर्ग समतलीय एनायन रखता है।
(d) डाईसायनाइडोओरेट **(I)** आयन	सोने को इसके अयस्त से निष्कर्षण के दौरान बनने वाला महत्वपूर्ण आयन
(e) सोडियम हेक्साफ्लोराइडोएल्यूमिनेट**(II)**	यह क्रयोलाइट कहलाता है, इसे एल्युमिनियत वैद्युत अपघट्य परिशोधन में प्रयुक्त करते है।
(f) डाईएम्मीनसिल्वर **(I)** आयन	जब AgCl को आमोनिया के आधिक्य में घोला जाता है तो यह आयन बनता है।

8. निम्न यौगिकोंके सूत्र लिखिए।
(a) डाईएम्मीनट्राईएक्वाहाइड्रोक्साइडोक्रोमियम (III) नाइट्रेट
(b) टेट्राकिस (पिराडाईन) प्लेटीनम (II) टेट्राफेनिलबोरेट (III)
(c) डाइब्रोमाइडोटेट्राकार्बोनिलआयरन (II)
(d) टेट्राएमिनकोबाल्ट (III) –μ – एमाइडो –μ – हाइड्रोक्साइडोबिस (एथीलीनडाईएमीन) कोबोल्ट (III) क्लोराईड
(e) अमोनियम डाईएम्मीनटेट्राकिस (आइसोथायोसानेटो)क्रोमेट (III).
(f) पेन्टाएम्मीनडाईनाट्रोजनरूथेनियम (II) क्लोराईड
(g) बिस (साइक्लोपेन्टाडाईइनाइल) आयरन (II)
(h) बेरियम डाईहाइड्रोक्साइडोडाईनाइट्रो-O- ऑक्सेलेटोर्जिकोनेट (IV)
(i) टेट्रापिरीडिनप्लेटीनक (II) टेट्राक्लोराइडोनिकलेट(II)
(j) टेट्राएम्मीनक्वाकोबाल्ट(III) –μ – सायनाइडोटेट्रोएम्मीनब्रोमाइडोकोबाल्ट(III)

भाग (C) : उपसहसंयोजी यौगिकों में बंधन
(प्रारंभिक बंध सिद्वान्त तथा EAN नियम, संयोजकता बंध सिद्वान्त)

9. (इस प्रश्न में आपको आँकड़े दिये गये है, इनको याद रखिये क्योंकि अन्य परीक्षाओं में इन आँकड़ों पर आधारित कुछ वस्तुनिष्ठ प्रश्न हो सकते है।)
संकुल का सूत्र स्थापित करने के लिए वर्गन ने कई प्रयोग किये, जिसमे से एक चालकता मापन है।, कार्यान्वित किये गये प्रयोगों के आधार पर विभिन्न प्रकार के संकुलों के लिए उसने चालकता के निम्न विभिन्न मान प्राप्त किये।

संकुल के प्रकार	**वैद्युत चालकता**	
वैद्युत अन्अपघट्य	0 - 10	(अशुद्वता के कारण)
1 : 1 वैद्युत अपघट्य	90 - 130	
1 : 2 अथवा 2 : 1 वैद्युत अपघट्य	230 - 290	
1 : 3 अथवा 3 : 1 वैद्युत अपघट्य	390 - 450	
1 : 4 वैद्युत अपघट्य	500 - 550	

उपरोक्त सारणी के आधार पर निम्न दो स्तम्भ को सुमेलित कीजिए।

	स्तम्भ A		**स्तम्भ A**
	यौगिक का सूत्र	चालकता	सही वर्नर प्रदर्शन
(a)	$PtCl_4.2NH_3$	-6.99	(i) $[Cr(NH_3)_5Cl]Cl_2$

Download FREE Study Package from www.TekoClasses.com & Learn on Video
www.MathsBySuhag.com Phone : 0 903 903 7779, 98930 58881

(b)	$PtCl_4.NH_3KCU$	-106.8	(ii) $[Co(NH_3)_5Br]Br_2$
(c)	$CrCl_3.5NH_3$	-260.2	(iii) $[Cr(NH_3)_6]Cl_3$
(d)	$PtCl_4.2KCl$	-256.8	(iv) $[Pt(NH_3)_2Cl_4]$
(e)	$CrCl_3.6NH_3$	-441.7	(v) $[Pt(NH_3)_6]Cl_4$
(f)	$PtCl_4.6NH_3$	-522.9	(vi) $[Pt(NH_3)_3Cl_3]Cl$
(g)	$CoBr3.5NH_3$	-257.9	(vii) $K_2[PtCl_6]$
(h)	$PtCl_4.3NH_3$	-96.8	(viii) $K[Pt(NH_3)Cl_5]$

10 HCl को उत्पादित करने के लिए एक धनायन विनिमय में से संकुल $[Cr(H_2O)_5Cl]cl_2$ के 1 ग्राम को प्रवाहित किया जाता है। मुक्त हुए अम्ल को 1 लीटर तक तनु किया जाता है। अम्ल विलयन की नार्मलता [संकुल का अणुभार =266.5] होगी

11. (a) निम्न यौगिकों को बढ़ती हुई मोलर चालकता के क्रम में व्यवस्थित कीजिए।

(a) $K[Co(NH_3)_3(NO_2)_4$ (b) $[Cr(NH_3)_3(NO_2)_3]$ (c) $[Cr(NH_3)_5(NO_2)]_3[Co(NO_2)_6]_2$ (d) $Mg[Cr(NH_3)(NO_2)_5]$

(b) निम्न संकुलों के सूत्र में x के मान का परिकलन कीजिए।

(i) $Mo(CO)_x$ (ii) $H_xCr(CO)_5$ (iii) $H_xCo(CO)_4$

12. निम्न संकुलों में केन्द्रीय परमाणु के लिए EAN परिकलित कीजिए।

(a) $[Fe(CN)_6]^{4-}$ (b) $[Fe(CO)_5]$ (c) $[Co(NH_3)_6]^{3+}$ (d) $[Ni(CO)_4]$
(e) $[Pd(NH_3)_6]^{4+}$ (f) $[Fe(CO)_2(NO)_2]$ (g) $[Fe(CN)_5]^{3-}$ (h) $[Ni(NH_3)_6]^{2+}$
(i) $[Pt(NH_3)_4]^{2+}$ (j) $[Co(NH_3)_6]^{2+}$

13. निम्न सारणी को (VBT की संकल्पना को प्रयुक्त कर) पूर्ण कीजिए।

	संकुल	ज्यामिति	संकरण	अयुग्मित इलेक्ट्रोनों की संख्या	चुम्बकीय आघूर्ण
	समन्वय संख्या = 2				
(a)	$[Ag(NH_3)_2]^+$	....	....	0	....
(b)	$[Cu(CN)_2]^-$	रेखीय	....	....	....
(c)	$[AuCl_2]^-$	....	....	....	0
समन्वय संख्या = 3					
(d)	$[Cu(CN)_3]^{2-}$	....	....	0	....
(e)	$[Pt(PPh_3)_3]$	सममतल त्रिभूजीय	....	....	....
समन्वय संख्या = 5					
(f)	$[CuCl_5]^{3-}$	....	....	1	....
(g)	$[Mn(CO)_5]^-$	....	....	0	....
समन्वय संख्या = 4					
(h)	$[PtCl_2(NH_3)_2]$	....	....	0	....
(i)	$[Zn(CN)_4]^{2-}$	....	....	0	....
(j)	$[MnBr_4]^{2-}$	....	....	5 .	....
(k)	$[Cu(NH_3)_4]^{2+}$	वर्ग समतलीय	....	....	....
समन्वय संख्या = 6					
(l)	$[Mn(CN_6]^{3-}$	....	....	2	....
(m)	$[Cr(NH_3)_6]^{3+}$	....	....	3	....
(n)	$[Ir(NH_3)_6]^{3+}$	....	....	0	....
(o)	$[V(CO)_6]$	....	....	1	....

Download FREE Study Package from www.TekoClasses.com & Learn on Video
www.MathsBySuhag.com Phone : 0 903 903 7779, 98930 58881

(p) $[MnCl_6]^{3-}$ .... 4 ....

भाग (D) : उपसहसंयोजी यौगिकों में बधन :

(क्रिस्टल क्षेत्र सिद्धान्त)

14. निम्न में से प्रत्येक संकुल के लिए एक क्रिस्टल क्षेत्र ऊर्जा स्तर रेखाचित्र बनाइये, कक्षकों में इलेक्ट्रॉनों को दर्शाये तथा अयुग्मित इलेक्ट्रानों की संख्या बताइये।

(a) $[CrF_6]^{3-}$ (b) $[V(H_2O)_6]^{3+}$ (c) $[Fe(CN)_6]^{3-}$

(d) $[Cu(en)_3]^{2+}$ (e) $[FeF_6]^{3-}$

15. $[co(NH_3)_6)_6]^{3+}$ तथा $[CoF_6]^{3-}$ दोनों Co(III) के संकुल है।, लेकिन $[Co(NH_3)_6]^{3+}$ प्रतिचुम्बकीय है जबकि $[CoF_6]^{3-}$ μ = 4.90 B.M. के साथ अनुचुम्कीय है। समझाइये।

16. (a) Δ_0 = 25,000 cm^{-1} तथा P = 15,000 c^{1-} वाले d^6 संकुल के लिए क्रिस्टल क्षेत्र स्थायित्वकरण ऊर्जा ज्ञात कीजिए।

(b) Cr^{2+} के जलयोज की एन्थैल्पी -460 kcal/mol है। क्रिस्टल क्षेत्र स्थायित्करण ऊर्जा की अनुपस्थिति में ΔH के लिए मान -435 kcal/mol होगा। $[Cr(H_2O)_6]^{2+}$ के लिए Δ_0 का मान निर्धारित कीजिए।

(आप 1 kcal/mol = 350 cm^{-1} प्रयुक्त कर सकते है)

(c) संकुल $[Mn(H_2O)_6]^{3+}$ के लिए ज्ञात होता है कि इलेक्ट्रॉन युग्मन ऊर्जा (P), 23000 cm^{-1} के तथा Δ_0 15000 cm^{-1} के तुल्य है। तब इस संकुल के लिए बताइये।

(i) लिंगेड क्षेत्र में धातु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास t_{2g}^{nl}, e_g^{n2} रूप में क्या होगा।

(ii) आवाग्रादो संख्या 6 × 10^{23} प्लांक नियतांक h = 6 × 10^{-34} J sec, c = प्रकाश की गति = 3 × 10^8 m sec^{-1} को प्रयुक्त कर kJ mol-1 में उपरोक्त संकुल के लिए CFSE (युग्मन ऊर्जा को सम्मिलित कर, यदि कोई हो) परिकलित कीजिए।

17. निम्न संकुलों की संकरण और ज्यातिकत बताइये।

(a) $[NiBr_4]^{2-}$ (b) $[Fe(CN)_6)^{3-}$ (c) $[MnCl_6]^{3-}$ (d) $[AuCl_4]^-$

(e) $[Fe(H_2O)_6]^{2+}$ (f) $[Pt(NH_3)_4]^{2+}$ (g) $[Co(NCS)_4]^{2-}$ (h) $[Cu(en)_2]^{2-}$

(i) $[Cu(NH_3)_4]^{2+}$ (j) $Cr(CO)_6$.

18. निम्न व्याख्या करो :

(a) $[Fe(CN_6]^{3-}$ दुर्बल अनुचुम्बकीय है जबकि $[Fe(CN_6]^{4-}$ प्रतिचुम्बकीय है।

(b) Ni^{2-} के सभी अष्टफलकीय संकुल बाहर कक्षक संकुल होने चाहिये।

(c) कोबाल्ट (II) जलीय विलयन में स्थायी है लेकिन संकुल अभिकर्मक (प्रबल क्षेत्र लिगेंड) की उपस्थिति में तेजी से ऑक्सीकृत होता है।

(d) $[Ni(CO)_4]$ चतुष्फलकीय है जबकि $[Ni(CN)_4]^{2-}$ तथा $[Pt(NH_3)_4]^{2+}$ समतल वर्गाकार है।

19. निम्नलिखित को निर्देशानुसार बढ़ते हुए क्रम में व्यवस्थित कीजिए।

(a) (i) $[CoCl_3(NH_3)_3]$, (ii) $[CoCl(NH_3)_5]Cl_2$, (iii) $[Co(NH_3)_6]Cl_3$, (iv) $[CoCl_2(NH_3)_4]Cl$ - मोलकर चालकता

(b) C, N, O, X (हैलोजन) $-\sigma$ बंधन की प्रवृत्ति

(c) Br^-, S^{2-}, No_2^-, CO, H_2O, CN^-, NH_3, NO_3^- - लिगेंड की सामर्थ्य

भाग (E) : क्रिस्टल क्षेत्र सिद्धान्त के अनुप्रयोग –

(संकुलों का रंग, संकुलों के चुम्बकीय आघूर्ण, संकुलों का स्थायित्व)

20. (a) $[Ti(H_2O)_6]^{3+}$ के लिए Δ_0 का मान 240 kJ mol^{1-} है, तो निम्न सारणी को प्रयुक्त कर संकुल का रंग बताइये।

(h = 6 × 10^{-34} J-sec, N_A = 6 × 10^{23}, c= 3 × 10^8 m/sec)

अवशोषित प्रकाश	λ(nm) (अवशोषित)	रंग प्रकार
नीला	435 - 480	पीला (Yellow)

हरा–नीला	480 - 490	नारंगी (orange)
नीला–हरा	490 - 500	लाल (red)
हरा	500 - 560	जामुनी (purple)
पीला–हरा	560 - 580	बैंगनी (violet)
पीला	580 - 595	नीला (blue)
लाल	605 - 700	नीला हरा (blue green)

(b) Cr^{2+} के जलयोजन की एन्थेल्पी - 460 kcal/mol है। क्रिस्टल क्षेत्र स्थायीकरण ऊर्जा की अनुपस्थिति में ΔH का मान - 435 kcal/mol है। यदि जलयोजन को जल अणु के साथ अष्टफलकीय संकुल का निर्माण मान लिया जाये तो संकुल $Cr(H_2O)_6^{2+}$ का रंग बताइये। (इस प्रश्न में रंग की पहचान करने के लिए उपरोग्त प्रश्न में दी गई सारणी का उपयोग कीजिए)

(c) दिया गया है कि विभिन्न रंगों के फोटोनो की ऊर्जा VIBGYOR (बैंगनी > जामुनी > नीला > हरा > पीला > नारंगी > लाल) के क्रम में घटती है और यदि संकुल निम्न ऊर्जा के फोटोन को अवशोषण करता है तो यह उच्च ऊर्जा के फोटोन का रंग प्रदर्शित करता है। यदि एक आयन M^{2+}, $[M(H_2O)_6]^{2+}$, $[MBr_6]^{4-}$ और $[M(en)_3]^{2+}$ संकुल बनाता है और इन संकुलों का रंग हरा, लाल और नीले क्रम में होना आवश्यक नहीं है तो निम्न संकुलों को उनके उपयुक्त रंग के साथ सुमेलित कीजिए (इस प्रश्न में पूरक रंगों की सारणी को प्रयुक्त नही कीजिए।)

(A) $[MBr_6]^{4-}$ नीला, $[M(H_2O)_6]^{2+}$ हरा, $[M(en)_3]^{2+}$ लाल (B) $[MBr_6]^{4-}$ हीरा, $[M(H_2O)_6]^{2+}$ नीला, $[M(en)_3]^{2+}$ लाल

(C) $[MBr_6]^{4-}$ हीरा, $[M(H_2O)_6]^{2+}$ लाल, $[M(en)_3]^{2+}$ नीला (D) $[MBr_6]^{4-}$ लाल, $[M(H_2O)_6]^{2+}$ हरा, $[M(en)_3]^{2+}$ नीला

21. निम्न में से कौन से संकुल d-d संक्रमण के कारण संभवतः रंगीन होने चाहिये।
(a) $[Cu(CN_4)^{3-}$ (b) $[Zn(H_2O)_4]^{2+}$ (c) $[Fe(H_2O)_5NO^+]^{2+}$ (d) $[Ag(NH_3)_2]^+$
(e) $[Cu(NH_3)_4]^{2+}$ (f) $[CO(CO_3)_3]^{3-}$ (g) $[Fe(CN)_5NO^+]^{2-}$

22. $IrCl_6^{3-}$ के लिए Δ ; 27600 cm^{-1} है। (a) अधिकतम अवशोषण की तरंगद्धैर्ध्य क्या होगी ? (b) इस आयन का चुम्बकीय व्यवहार और रंग को पहचानिये ?

23. (a) $[Ti(H_2O)_6]^{3+}$ 5000 Å तरंगद्धैर्ध्य के प्रकार का अवशोषण करता है। एक लिगैण्ड का नाम बताओ जा 5000 Å से कम के प्रकाश की तरंगद्धैर्ध्य का अवशोषण करके टाइटेनियम (III) आयन के संकुल का निर्माण करे और एक लीगेण्ड जो 5000 Å से ज्यादा प्रकाश की तरंगद्धैर्ध्य का अवशोषण करके टाइटेनियम (III) आयन के संकुल का निर्माण करे।
(b) निम्न संकुलों के चुम्बकीय आघूर्ण (केवल चक्रण) की गणना करो।
(i) $[PtCl_6]^{2-}$ (ii) $[Cr(CO)_6]$ (iii) $[Ir(NH_3)_6]^{3+}$ (iv) $[Pd(en)_2]^{2+}$

24. निम्न संकुलों के चुम्बकीय व्यवहार को पहचानिये।
(i) $[Co(NH_3)_6]^{3+}$ (ii) $[Rh(NH_3)_6]^{3+}$ (iii) $[CoF_6]^{3-}$ (iv) $[Mn(CN)_6]^{3-}$ (v) $[MnBr_4]^{2-}$

भाग (F) : उपसहसंयोजक यौगिकों मं समावयवता
(संरचना समावयवता, त्रिविमसमावयवता, ज्यामितियसमावयवता प्रकाशिकसमावयवता)

25. निम्न किस प्रकार के समावयवी है। ?

(i)	$[Mn(CO)_5SCN]$ तथा	तथा	$[Mn(CO)_5NCS]$
(ii)	$[Co(en)_3]$ $[Cr(CN)_6]$	तथा	$[Cr(en)_3$ $[Co(CN)_6]$
(iii)	$[Co(NH_3)_5NO_3]SO_4$	तथा	$[Co(NH_3)_5SO_4]NO_3$
(iv)	$[Co(H_2O)_2Cl_2(py)_2Cl$	तथा	$[Co(H_2O)Cl_3(py)_2]H_2O$

26. निम्न प्रत्येक संकुल के कितने ज्यामितिय समावयवी संभव है ?
(a) $[Pt(NH_3)_2(SCN)_2]$ (b) $[CoCl_2Br_2]^{2-}$ (समचतुष्फलकीय)
(c) $[Co(NH_3)_3(NO_2)_3]$ (d) $[Pt(en)Cl_2]$
(e) $[CrBr_2\ (en)_2]^+$ (f) $[Rh(en)_3]^{3+}$

27. (a) $[Ru(NH_3)_5(NO_2)Cl]$ के सभी संभावित सरूपण समावयवी बनाओ और इन्है। लिंकेज समावयवी और आयनिक समावयवी के रूप में अंकित करो।
(b) एक समतल वर्गाकार पैलेडियम (II) संकुल के छः समावयवी संभव है। वह दो Cl^- तथा दो SCN^- लीगेण्ड रखता है। सभी छः की संरचनाओ बनाओ और वर्गीकरण के अनुसर अंकित कीजिए।

28. बताइये कि निम्न संकुलों में प्रत्येक के लिए कितने संभावित विवरिम समावयवी (diastereisomers) है। तथा इनकी संरचना बनाइए।
(a) $[Cr(NH_3)_2Cl_4]^-$ (b) $[Co(NH_3)_5Br]^{2+}$ (c) $[FeCl_2(NCS)_2]^{2-}$
(d) $[PtBr_2Cl_2]^{2-}$ (e) $[Pt(NH_3)_2(CN)_2]$ (f) $[Co(en)(SCN)_4]^-$
(g) $[Cr(NH_3)_2(H_2O)_2Cl_2]^+$ (h) $[Ru(NH_3)_3I_3$

29. निम्न संकुलों में से कौनसा, प्रतिबिम्ब रूपी की तरह अस्तित्व रखता है। इनकी संरचना भी बताइये।
(a) $PtCl_2(en)]$ (b) cis-$[Co(NH_3)_4Br_2]^+$ (c) समपक्ष-$[Cr(H_2O)_2(en)_2]^{3+}$

(d) $[Cr(gly)_3]$ (e) $[Cr(en)_3]^{3+}$ (f) समपक्ष-$[Co(NH_3)Cl(en)_2]^{2+}$
(g) विपक्ष-$[Co(NH_3)_2(en)_2]^{2+}$

30. 0.319 g $CrCl_3.6H_2O$ संकुल रखने वाले एक विलयन को धनायन विनिमयक से प्रवाहित किया जाता है तथा प्राप्त होने वाले विलयन को 0.125 M NaOH के 28.5 mL द्वारा उदासीन किया जाता है तब
(i) यौगिक की संरचना बताइये। (ii) संभावित संरचनात्मक समावयवी कितने है। ?
(iii) चुम्बकीय आघूर्ण (μ) क्या है। (iv) क्या संकल रंगीन है अथवा रंगहीन ?
(v) संकुल का EAN क्या होगा (vi) संकुल का सही सूत्र बताइये।
(vii) प्रत्येक समावयवी का IUPAC नाम लिखिये।

31. अष्टफलकीय संकुल $[Rh(en)_2(NO_2)(SCN)]^+$ त्रिविम समावयवी को सम्मिलित करते हुए, समावयवी रूपों की कुल संख्या कितनी हो सकती है।

भाग (G) : कार्बधात्विक यौगिक :

32. निम्न धातु कार्बोनिलों की संरचना बनाइये।
(a) $[V(CO)_6]$ (b) $[Cr(CO)_6]$ (c) $[Mn_2(CO)_{10}]$
(d) $[Fe(CO)_5]$ (e) $[Co_2(CO)_8]$ (f) $[Ni(CO)_4]$
(g) $[Fe_2(CO)_9]$ (h) $[Fe_3(CO)_{12}]$

PART - II : OBJECTIVE QUESTIONS

भाग (A) : संकुल लवणों का सामान्य परिचय तथा उपयोगी परिभाषाए –

1. **(a)** ऐथिलीन डाईएमीन एक.......लिगैण्ड का उदाहरण है।
(A) एकलदन्तुक (B) द्विदन्तुक (C) त्रिदन्तुक (D) षष्टदन्तुक
(b) $(EDTA)^{4-}$ में दाता परमाणु है :
(A) केवल ऑक्सीजन परमाणु (B) केवल नाइट्रोजन परमाणु
(C) दो नाइट्रोजन परमाणु और चार आक्सीजन परमाणु (D) तीन नाइट्रोजन परमाणु और तीन ऑक्सीजन परमाणु

2. **(a)** कुछ लवण हालांकी दो भिन्न–भिन्न धात्विक तत्वों के है। इनमें से केवल एक ही विलयन में परिक्षण देता है। इस प्रकार के लवण है।
(A) संकुल लवण (B) द्विक्लवण (C) सामान्य लवण (D) कोई नहीं
(b) सारे लिगेंड होते है।
(A) लूईस अम्ल (B) लूईस क्षार (C) उदासीन (D) कोई नहीं

3. (a) ऑक्सीडो संकुल स्पीशीज $[Mo_2O_4(C_2H_4)_2(H_2O)_2]^{2-}$ में Mo की आक्सीकरण अवस्था है
(A) +2 (B) +3 (C) +4 (D) +5
(b) $[Pt(NH_3)_4Cl_2]^{++}$ आयन में प्लेटीनम की समन्वय संख्या है–
(A) 4 (B) 2 (C) 8 (D) 6
(c) निम्न में से कौनसा कॉपर (I) यौगिक है
(A) $[Cu(H_2O)_4]^{2+}$ (B) $[Cu(CN)_4]^{3-}$ (C) $[Cu(NH_3)_4]^{++}$ (D) उपरोक्त सभी

4. **(a)** संकुल $[Co(NO_2)_6]^{3-}$ में कोबाल्ट की ऑक्सीकरण अवस्था है।
(A) +2 (B) +3 (C) +1 (D) +2 तथा +3
(b) संकुल $[CoCl_2(en)_2]Br$ में, कोबाल्ट की समन्वय संख्या व ऑक्सीकरण अवस्था क्रमशः है ।
(A) 6 तथा +3 (B) 3 तथा +3 (C) 4 तथा +2 (D) 6 तथा +1
(c) Cr(III) द्वारा बनाये गये संकुल $[Cr(C_2O_4)_2 (H_2O)_2]$ पर आवेश क्या है ?
(A) +3 (B) +1 (C) +2 (D) -1

भाग (B) : उपसहसंयोजी यौगिकों का नामकरण :

5. निम्न संकुल का सही IUPAC नाम है –



is :

(A) डाईक्लोराइडो (डाईमेथिलग्लाइऑक्सिमेट) कोबाल्ट (II) (B) बिस(डाईमेथिलग्लाइऑक्सिम)डाईक्लोराइडोकोबाल्ट(II)
(C) डाईमेथिलग्लाइऑक्सिमकोबाल्ट(II) क्लोराईड (D) डाईक्लोराइडोबिस(डाईमेथिलग्लाइऑक्सिम-N, N)- कोबाल्ट(II)

6. (a) Pt (समान ऑक्सीकरण अवस्था में) लिगेंड (उचित संख्या में अर्थात् Pt की समन्वय संख्या ठः होनी चाहिए) के साथ एक संकुल धनायन बनाता है तो इसका निम्न में से सही IUPAC नाम है।
(A) डाईएम्मीनएथिनिडाईएमीनडाईथायोसायनेटो-S-प्लेटिनम(II) आयन
(B) डाईएम्मीनएथिलिनडाईएमीनडाईथायोसायनेटो-S-प्लेटिनेट(IV) आयन
(C) डाईएम्मीनएथिलिनडाईएमीनडाईथायोसायनेटो-S-प्लेटिनम(IV)आयन
(D) डाईएम्मीनबिस(एथिलिनडाईएमीन) डाईथायोसायनेट-S-प्लेटिनम(IV) आयन
(b) निम्न में से कौन सा नाम असंभव है।
(A) पोटेशियम टेट्राफ्लोरइडोऑसाइडोक्रोमेट(VI) (B) बेरियम टेट्राफ्लोराइडोब्रोमेट(III)
(C) डाईक्लोरोबिस(यूरिया)कॉपर(II) (D) उपरोक्त सभी असंभव है।

7. (a) निम्न में से किस संकुल के युग्म का नाम तथा सूत्र सही नहीं है
(A) टेट्राएम्मीनकॉपर(II) सल्फेट..........$[Cu(NH_3)_4]SO_4$
(B) डाईएमीनसिल्वर(I) क्लोराईड............$[Ag(NH_3)_2]Cl$
(C) पोटेशियम हेक्सासायनाइडोफैरेट(III)............$K_4[Fe(CN)_6]$
(D) पोटेशियम एम्मीनपेन्टाक्लोराइडोप्लेटिनेट(IV)..........$K[PtCl_5(NH_3)$
(b) यौगिक $[Co(NH_3)_4Cl(ONO)]Cl$ का सही IUPAC नाम है।
(A) टेट्राएम्मीनक्लोराइडोनाइट्राईटो-N-कोबाल्ड(III)क्लोराईड
(B) क्लोराइडोनाइट्राईटो-O-टेट्राएम्मीनकोबाल्ट(II)क्लोराईड
(C) डाईक्लोराइडोनाइट्राईटो-O-टेट्राएम्मीनकोबाल्ट(III)
(D) टेट्राएम्मीनक्लोराइडोनाइट्राइटो-O- कोबाल्ट(III) क्लोराईड
(c) काल्पनिक संकुल क्लोराइडोडाईएक्वाट्राईएम्मीनकोबाल्ट(III) क्लोराईड को प्रदर्शित किया जा सकता है।
(A) $[CoCl(NH_3)_3(H_2O)_2]Cl_2$ (B) $[Co(NH_3)_3(H_2O)Cl_3]$
(C) $[Co(NH_3)_3(H_2O)_2Cl]$ (D) $[Co(NH_3)_3(H_2O)_3]Cl_3]$

8. **(a)** सोडियम नाइट्रोप्रुसाइड का सूत्र है :–
(A) $Na_4[Fe(CN)_5NOS]$ (B) $Na_2[Fe(CN)_5NO^+]$ (C) $NaFe[Fe(CNH)_6]$ (D) $Na_2[Fe(CN)_6)NO_2]$
(b) सोडियम नाइट्रोप्रुसाइड में आयरन की क्रमशः ऑक्सीकरण संया समन्वयी संख्या और प्रभावी परमाणु संख्या है।
(A) +3, 6, 36 (B) +2, 6, 36 (C) +3, 3, 36 (D) 6, +3, 35
(C) टॉलेन अभिकर्मक में केन्द्रीय धातु यन का क्रमशः ऑक्सीकरण अंक, समन्वयी संख्या तथा प्रभावी परमाणु संख्या है।
[Ag का परमाणु क्रमांक -47]
(A) +1, 2, 50 (B) +1, 2, 51 (C) 2, +1, 50 (D) +1, 1, 50
(d) संकुल ट्रिस (एथीजीनडाईएमीन) कोबाल्ट(III) सल्फेट का सूत्र है।
(A) $[Co(en)_2SO_4]$ (B) $[Co(en)_3SO_4]$ (C) $[Co(en)_3]_2SO_4$ (D) $[Co(en)_3]_2(SO_4)_3$

भाग (C) : उपसहसंयोजी यौगिकों में बंधन :

(प्रारंभिक बंधन सिद्धान्त तथा EAN नियम, संयोजकता बंध सिद्धान्त)

9. **(a)** एक धातु कार्बोनिल $M(CO)_x$ का प्रभावी परमाणु क्रमांक 36 है। यदि, धातु M का परमाणु क्रमांक 26 है, तो x का मान क्या है ?
(A) 4 (B) 8 (C) 5 (D) 6
(b) $Co(O)_4$ का प्रभावी परमाणु क्रमांक 35 है और इस प्रकार कम स्थायी है। यह स्थायित्व ग्रहण करता है।
(A) Co के ऑक्सीकरण द्वारा (B) Co के अपचयन द्वारा
(C) द्विलकीकरण द्वारा (D) चतुष्लकीकरण द्वारा

10. **(a)** एक यौथ्गक को कोबाल्ट (II) नाइट्राईट और पोटेशियम नाइट्राईट के विलयन को 1 : 3 के अनुपात में मिश्रित करके बनाया जाता है। यौगिक का जलीय विलयन 4 कण प्रति अणु दर्शाता है जबकि मोलर चालकता 6 विद्युत आवेश की उपस्थिति दर्शाती है। यौगिक का सूत्र निम्न है –
(A) $Co(NO_2)_3 . 2KNO_2$ (B) $Co(NO_2)_3 . 3KNO_2$ (C) $K_3[Co(NO_2)_6]$ (D) $K[Co(NO_2)_4]$
(b) निम्न में से कौन अधिकतम आयनिक चालकता प्रदर्शित करेगा।
(A) $K_4[Fe(CN_6]$ (B) $[Co(NH_3)_6]Cl_3$ (C) $[Cu(NH_3)_4]Cl_2$ (D) $[Ni(CO)_4]$
(C) निम्न में से कौन सर्वाधिक मोलर चालकता दर्शाता है–
(A) $[Co(NH_3)_6)Cl_3$ (B) $[Co(NH_3)_3Cl_3]$ (C) $[Co(NH_3)_4Cl_2]Cl$ (D) $[Co(NH_3)_5Cl]Cl_2$

(d) एक उपसहसंयोजी संकुल का सूत्र $PtCl_4.2KCl$ है। विद्युत चालकता मापन एक सूत्रीय इकाई में तीन आयनों की उपस्थिति इंगित करती है। $AgNO_3$ के साथ उपचारित करने पर AgCl का कोई अवोप प्राप्त नहीं होता है। इस संकुल में Pt की समन्वय संख्या क्या है ?
(A) 5 (B) 6 (C) 4 (D) 3

11. **(a)** संकुल $[Cr(H_2O))_4 Br_2]Cl$ परीक्षण देता है।
(A) Br^- (B) Cl^- (C) Cr^{3+} (D) Br^- तथा Cl^- दोनों

(b) निम्न में से कौन सा संकुल सिल्वर क्लोराईड के तीन मोलों को उत्सादित करता है जब इसका एक मोल, सिल्वर नाइट्रट के आधिक्य के साथ उपचारित किया जाता ळै।
(A) $[Cr(H_2O)_3Cl_3]$ (B) $[Cr(H_2O)Cl_2]Cl$ (C) $[Cr(H_2O)_5Cl]Cl_2$ (D) $[Cr(H_2O)_6]Cl_3$

(c) जब संकुल $PtCl_4.4NH_3$ सिल्वर नाइट्रेट के साथ उपचारित किया जाता है तब क्लोराईड आयन की वह संख्या जो अवक्षेपित होती है, (CN = 6)
(A) चार (B) एक (C) तीन (D) दो

(d) संकुल $CoCl_3.5NH_3$ के जलीय विलयन में आयनों की संख्या प्रति मोल होगी। -(CN=6_
(A) चार (B) नौ (C) तीन (D) दो

12. (a) संकुल $CoCl_3.3NH_3$ आयनीकरण पर देता है (CN = 6)
(A) कोई Cl^- आयन नहीं (B) 3 Cl^- आयन (C) 2 Cl^- आयन (D) 1 Cl^- आयन

(b) क्लोराईड आयन का पता, जीय $AgNO_3$ के डालने से बने AgCl के सफेद अवक्षेप तथा अमोनिया विलयन को आधिक्य में डालने पर इस अवक्षेप के घुल जाने से लगता है। जल विलेयी के निर्माण के कारण जलीय अमोनिया में AgCl घुल जाता है।
(A) $[Ag(NH_4)_2]^+$ (B) $[Ag(NH_3)_2]^+$ (C) $[Ag(NH_2)_2]^-$ (D) $[Ag(OH_2]^-$

(c) सान्द्र H_2SO_4 निम्न संकुल को निर्जलीकृत नहीं करता है–
(A) $[Cr(H_2O)_5Cl]Cl_2.H_2O$ (B) $[Cr(H_2O)_4Cl_2]Cl.2H_2O$
(C) $[Cr(H_2O)_6]Cl_3$ (D) उपरोक्त सभी

(d) $AgNO_3$ विलयन को $[Pt(NH_3)_3Cl_3]Cl$ विलयन के साथ मिलाने पर, कुल क्लोराईड आयने के अवक्षेपण का प्रतिशत निम्न है
(A) 100 (B) 75 (C) 50 (D) 25

13. **(a)** कोबाल्ट के एक उपसहसंयोजी यौगिक के अणुसुत्र में उपस्थित एक कोबाल्ट परमाणु के लिए पांच अमोनिया अणु, एक नाइट्रो समूह तथा दो क्लोरीन परमाणु उपस्थित है।। जलीय विलयन में इस यौगिक का एक मोल आयन के तीन मोल उत्पन्न करता है। जलीय विलयन की $AgNO_3$ के आधिक्कय के साथ क्रिया कराने पर AgCl के दो मोल अवक्षेप के रूप में देता है। इस संकुल का सूत्र होगा।
(A) $[Co(NH_3)_4(NO_2)CO][NH_3Cl]$ (B) $[Co(NH_3)_5Cl][ClNO_2]$
(C) $[Co(NH_3)_5(NO_2)Cl_2$ (D) $[Co(NH_3)_5][(NO_2)_2Cl_2]$

(b) संकुल यौगिक $[Co(NH_3)_5Cl_3]$ का एक मोल जल में घुलने पर 3 मोल आयन देता है। समान संकुल का एक मोल, दो मोल $AgNO_3$ विलयन से क्रिया करके दो मोल AgCl(s) उत्पन्न करता है। संकुल की संरचना है।
